**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**

**संस्कृत मार्ग, बागसेवनिया, भोपाल – 462043**

दिनांक-09.12.2022

प्रेस विज्ञप्ति राज्यस्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा का आयोजन

दिनांक 10 एवं 11 दिसम्बर 2022




शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वरा संचालित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में दिनांक 10 एवं 11 दिसम्बर 2022 को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय शास्त्रीय स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है । शास्त्रीय स्पर्धा के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो.रमेश कुमार पाण्डेय, पूर्व कुलपति श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, सारस्वत अतिथि प्रो. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी पूर्व कुलपति, महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन, विशिष्ट अतिथि, श्री भरत वैरागी अध्यक्ष, महर्षि पतंजली संस्कृत संस्थान भोपाल एवं अध्यक्ष के रूप में प्रो.रमाकान्त पाण्डेय निदेशक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर उपस्थित रहेगें । राज्य स्तरीय स्पर्धाएं प्रो. हंसधर झा ज्योतिष विभागाध्यक्ष के संयोजक एवं डॉ. प्रदीप पाण्डेय सहआचार्य व्याकरण विभाग सह-संयोजक एवं समिति के अन्य सदस्यों के निर्देशन में आयोजित होगी ।दो दिन तक चलने वाली इन स्पर्धाओं में शास्त्रीय भाषण, ज्योतिष शलाका, साहित्य शलाका, धातु रूप कण्ठ पाठ, शास्त्रार्थ विचार, समास्या पूर्ति, प्रश्न मचं, अक्षर श्लोकी सहित कुल 32 प्रतियोगिताएं होगी । जिनमें मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ राज्य से लगभग 150 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होगें ।

प्रो. रमाकान्त पाण्डेय

निदेशक